# पनामा गणराज्य की सरकार
# और
# भारत गणराज्य की सरकार के बीच राजनयिक, आधिकारिक
# तथा
# कोंसुली पासपोर्टधारकों के लिए वीजा अपेक्षाओं से छूट के संबंध में
# करार

पनामा गणराज्य की सरकार और भारत गणराज्य की सरकार,

जिन्हें इसके बाद पृथक रूप से "संविदाकारी पक्षकार" और सामूहिक रूप से "दोनों संविदाकारी पक्षकार" कहा गया है,

इस पर विचार करते हुए कि मैत्रीपूर्ण संबंधों को प्रगाढ़ बनाया जाना दोनों देशों के हित में होगा,

पनामा गणराज्य और भारत गणराज्य के नागरिकों, जो राजनयिक, आधिकारिक/अथवा कोंसुली पासपोर्टधारक हों, के संबंधित देशों के भू-क्षेत्र में प्रवेश को सुविधाजनक बनाने की इच्छा से,

निम्नानुसार सहमत हुई हैं:

## <u>अनुच्छेद-1</u>

**<u>वीजा अपेक्षाओं से छूट</u>**

1. किसी संविदाकारी पक्षकार के वैध राजनयिक, आधिकारिक अथवा कोंसुली पासपोर्टधारक नागरिकों को अन्य संविदाकारी पक्षकार के भू-क्षेत्र में उनके संबंधित अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश/निकासी स्थानों के माध्यम से बिना वीजा के प्रवेश करने, निकलने और पारगमन करने की अनुमति होगी।

2. किसी भी संविदाकारी पक्षकार के उक्त पासपोर्ट धारक नागरिक को अन्य संविदाकारी पक्षकार के भू-क्षेत्र में बिना वीजा के अधिकतम 90 (नब्बे) दिनों तक प्रवास की अनुमति होगी।

## अनुच्छेद -2

### विनिर्दिष्ट कार्यों के लिए वीजा

1. संविदाकारी पक्षकार के किसी वैध राजनयिक पासपोर्टधारक नागरिक, जिसे दूसरे संविदाकारी पक्षकार के भू-क्षेत्र में स्थित किसी अंतर्राष्ट्रीय संगठन या सरकार द्वारा आयोजित बैठक अथवा सम्मेलन में भाग लेना है, के लिए दूसरे संविदाकारी पक्षकार के भू-क्षेत्र में प्रवेश करने और ठहरने के लिए वीजा प्राप्त करना अपेक्षित नहीं होगा।

2. संविदाकारी पक्षकार के किसी भी नागरिक, जिसके पास वैध राजनयिक, आधिकारिक अथवा कोंसुली पासपोर्ट हो और जिसे राजनयिक या कोंसुली स्टाफ के सदस्य के रूप में या अंतरराष्ट्रीय संगठन में उसके देश के प्रतिनिधि के तौर पर कोई कार्य सौंपा गया हो, के लिए दूसरे संविदाकारी पक्षकार के भू-क्षेत्र में प्रवेश से पहले वीजा प्राप्त करना होगा।

3. दोनों में से किसी भी पक्षकार के राजनयिक, आधिकारिक अथवा कोंसुली पासपोर्टधारक जिसे किसी संगठन, अंतरराष्ट्रीय निकाय, एजेंसी अथवा इस प्रकार के किसी अन्य प्रतिष्ठान द्वारा नियोजित किया गया हो, को दूसरे संविदाकारी पक्षकार के भूक्षेत्र में आधिकारिक अथवा निजी यात्राओं के लिए प्रवेश करने से पूर्व वीज़ा प्राप्त करना अपेक्षित होगा।

4. संविदाकारी पक्षकार के किसी भी नागरिक, जिसे दूसरे संविदाकारी पक्षकार के भू-क्षेत्र में स्थित किसी अंतर्राष्ट्रीय संगठन या सरकार द्वारा आयोजित किसी बैठक या सम्मेलन में भाग लेना हो और जिसके पास वैध राजनयिक अथवा आधिकारिक/अथवा कोंसुली पासपोर्ट हो, के लिए दूसरे संविदाकारी पक्षकार के भू-क्षेत्र में प्रवेश करने और ठहरने के लिए वीजा प्राप्त करना अपेक्षित नहीं होगा।

5. इस अनुच्छेद के पैरा-1 में उल्लिखित शर्तें राजनयिक मिशन अथवा कोंसुलावास के सदस्य अथवा किसी अंतरराष्ट्रीय संगठन के प्रतिनिधि के पति/पत्नी, उनके बच्चों तथा आश्रित माता-पिता पर भी लागू होंगी।

## अनुच्छेद-3

### प्रवेश देने से इन्कार और पासपोर्ट खो जाना

1. प्रत्येक संविदाकारी पक्षकार के पास दूसरे संविदाकारी पक्षकार के ऐसे नागरिक को प्रवेश देने से इंकार करने अथवा अपने भू-क्षेत्र में प्रवास की अवधि कम करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा जिसे वह अवांछित व्यक्ति मानता हो।

2. यदि दोनों में से किसी एक संविदाकारी पक्षकार का कोई नागरिक दूसरे संविदाकारी पक्षकार के भू-क्षेत्र में अपना पासपोर्ट खो देता है, तो वह उपयुक्त कार्रवाई के लिए मेजबान देश के संबंधित अधिकारियों को सूचित करेगा। संबंधित राजनयिक मिशन अथवा कौंसुलावास अपने नागरिक को एक नया पासपोर्ट अथवा यात्रा दस्तावेज जारी करेगा और मेजबान सरकार के संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना देगा।

## अनुच्छेद-4

### स्थानीय/राष्ट्रीय कानूनों की अनुप्रयोज्यता

1. दोनों में से किसी भी संविदाकारी पक्षकार के राष्ट्र के नागरिक, जिनके पास राजनयिक, आधिकारिक अथवा कोंसुली पासपोर्ट हो, दूसरे संविदाकारी पक्षकार की सीमा पार करते समय अथवा उसके भू-क्षेत्र में प्रवास की संपूर्ण अवधि के दौरान उस राष्ट्र के कानूनों एवं विनियमों का पालन करेंगे।

2. इस करार में उल्लिखित कोई भी शर्त राजनयिक संबंध विषयक 18 अप्रैल, 1961 के वियना अभिसमय अथवा कोंसुली संबंध विषयक 24 अप्रैल, 1963 के वियना अभिसमय में निर्धारित अधिकारों एवं दायित्वों को प्रभावित नहीं करेगी।

## अनुच्छेद-5

### पासपोर्ट वैधता

दोनों में से किसी भी पक्षकार के राजनयिक, आधिकारिक अथवा कोंसुली पासपोर्ट की अवधि दूसरे पक्षकार के देश के भू-क्षेत्र में प्रवेश की तारीख से कम से कम 6 (छह) महीने तक वैध होनी चाहिए।

## अनुच्छेद-6

### यात्रा दस्तावेज़

1. इस करार के प्रयोजनार्थ, प्रत्येक संविदाकारी पक्षकार दूसरे पक्षकार को इस करार के लागू होने के बाद साठ (60) दिनों के भीतर राजनयिक माध्यमों से अपने पासपोर्टों की नमूना प्रतियां और ऐसे दस्तावेजों का विस्तृत ब्यौरा प्रेषित करेगा।

2. प्रत्येक संविदाकारी पक्षकार दूसरे पक्षकार को राजनयिक माध्यम से अपने नए अथवा संशोधित पासपोर्टों की नमूना प्रतियां और ऐसे दस्तावेजों का विस्तृत ब्यौरा, उन्हें लागू किए जाने से कम से कम तीस(30) दिन पहले प्रेषित करेगा।

## अनुच्छेद-7

### निलंबन

प्रत्येक संविदाकारी पक्षकार को सुरक्षा, लोक व्यवस्था या सार्वजनिक स्वास्थ्य के आधार पर इस करार के कार्यान्वयन को अस्थायी रूप से पूर्णतः अथवा अंशतः निलंबित करने का अधिकार है और यह राजनयिक माध्यम से दूसरे संविदाकारी पक्षकार को अधिसूचित किए जाने के बाद तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा। यह निलंबन अनुच्छेद 1,2 तथा 5 में उल्लिखित उन नागरिकों के अधिकारों को प्रभावित नहीं करेगा जो दूसरे संविदाकारी पक्षकार के भू-क्षेत्र में पहले ही प्रवेश कर चुके हैं।

## अनुच्छेद-8

### संशोधन और आशोधन

दोनों में से कोई एक पक्षकार संविदाकारी पक्षकार इस करार में कोई भी संशोधन या आशोधन करने के बाबत लिखित में अनुरोध कर सकता है। ऐसा कोई भी संशोधन या आशोधन जिन पर दोनों पक्षकारों की आपसी सहमति हुई हो, इस पर हस्ताक्षर किए जाने की तारीख से लागू होगा तथा यह इस करार का अंग होगा।

## अनुच्छेद-9

### विवादों का निपटान

इस करार के प्रावधानों के क्रियान्वयन के क्रम में उत्पन्न होने वाले किसी भी मतभेद अथवा विवाद का निपटारा किसी तीसरे पक्ष अथवा अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण को शामिल किए बिना संविदाकारी पक्षकारों के बीच सौहार्द्रपूर्ण ढंग से परामर्श अथवा बातचीत के जरिए किया जाएगा।

## अनुच्छेद-10

### इस करार को लागू किया जाना, समयावधि तथा समापन

यह करार इस पर हस्ताक्षर होने की तारीख के 60 दिनों के बाद लागू होगा। यह करार अनिश्चित अवधि तक लागू रहेगा और कोई भी संविदाकारी पक्षकार राजनयिक माध्यम से लिखित अधिसूचना जारी करके इसे समाप्त कर सकता है और यह समाप्ति ऐसी अधिसूचना जारी करने के नब्बे (90) दिनों के बाद लागू हो जाएगी। इस समाप्ति से इस करार के अनुच्छेद 1,2 तथा 5 में उल्लिखित वैसे नागरिकों के अधिकार प्रभावित नहीं होंगे, जो दूसरे संविदाकारी पक्षकार के भू-भाग में पहले ही प्रवेश कर चुके हैं।

इसके साक्ष्य, में अधोहस्ताक्षरियों ने अपनी-अपनी सरकारों द्वारा विधिवत प्राधिकृत होकर वर्तमान करार पर हस्ताक्षर किए हैं।

पनामा सिटी में आज वर्ष २०१८ के मई माह के 9 वें दिन स्पेनिश, हिंदी तथा अंग्रेजी भाषाओं में तीन-तीन मूल प्रतियों में संपन्न, सभी पाठ समान रूप से प्रामाणिक हैं। निर्वचन में किसी प्रकार की भिन्नता होने पर अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

| | |
|---|---|
| **भारत गणराज्य की सरकार की ओर से** | **पनामा गणराज्य की सरकार की ओर से** |
| प्रीति सरन | |
| **प्रीति सरन**<br>**सचिव (पूर्व), विदेश मंत्रालय** | **लुईस मिगुएल हिन्कापिए**<br>**ऊप मंत्री, विदेश मंत्रालय** |

# ACUERDO ENTRE
# EL GOBIERNO DE LA REPÚBLICA DE PANAMÁ
# Y
# EL GOBIERNO DE LA REPÚBLICA DE LA INDIA
# SOBRE LA EXENCIÓN DEL REQUISITO DE VISA PARA TITULARES DE PASAPORTES DIPLOMÁTICOS, OFICIALES Y CONSULARES

El Gobierno de la República de Panamá y el Gobierno de la República de la India,

En lo sucesivo denominados singularmente como la "Parte Contratante", y colectivamente como las "Partes Contratantes",

CONSIDERANDO el interés de ambos países de fortalecer sus relaciones de amistad y

DESEANDO facilitar la entrada de los ciudadanos de la República de Panamá y los ciudadanos de la República de la India que son titulares de pasaportes diplomáticos, oficiales **o** consulares en sus respectivos países,

ACUERDAN LO SIGUIENTE:

## ARTÍCULO 1

### Exención de Visado

1. Un ciudadano de cualquiera de las Partes Contratantes, titular de un pasaporte diplomático, oficial, **o** consular tendrá permitido entrar, salir y permanecer en tránsito por el territorio de la otra Parte Contratante a través de sus respectivos puntos internacionales de entrada y salida, sin visas.

2. Un ciudadano de cualquiera de las Partes Contratantes, que posea los pasaportes antes mencionados, se le permitirá permanecer en el territorio de la otra Parte Contratante, por el plazo máximo de noventa (90) días, sin visado.

## ARTÍCULO 2

**Visados para Misiones**

1. Un ciudadano de cualquiera de las Partes Contratantes, en posesión de un pasaporte diplomático válido y que tenga que asistir a una reunión o conferencia convocada por una organización internacional o de Gobierno, en el territorio de la otra Parte Contratante, no estará obligado a obtener un visado para entrar y permanecer en el territorio de la otra Parte Contratante.

2. Un ciudadano de cualquiera de las partes Contratantes, que se le asigne como miembro del personal diplomático o consular o como representante de su país en una organización internacional con sede en el territorio de la otra Parte Contratante y en posesión de un pasaporte diplomático, oficial, **o** consular válido, tendrá la obligación de obtener un visado antes de la entrada en el territorio de la otra Parte Contratante.

3. Los titulares de pasaportes diplomáticos, oficiales **o** consulares de las Partes Contratantes que sean empleados por una organización internacional, órgano, servicio o cualquier otra entidad estarán obligados a obtener la visa antes de su entrada en el territorio de la otra Parte Contratante en visitas oficiales o privadas.

4. No se exigirá a un ciudadano de cualquiera de las Partes contratantes que posea un pasaporte diplomático, oficial o consular valido y deba asistir a una reunión o Conferencia convocada por una Organización Internacional o Gobierno en el territorio de la otra Pate Contratante, obtener una visa para ingresar y permanecer en el territorio de la Otra Parte Contratante.

5. Las condiciones enumeradas en el párrafo 1 del presente artículo se aplicarán también al cónyuge de un miembro de la representación diplomática o consular o representante en organización internacional, sus hijos y sus padres dependientes.

## ARTÍCULO 3

**Denegación de Entrada y Pérdida de Pasaporte**

1. Cada Parte Contratante se reserva el derecho a denegar la entrada, o acortar la estancia en su territorio, de cualquier ciudadano de la otra Parte Contratante, a quien se pueda considerar indeseable.

2. Si un ciudadano de una Parte Contratante pierde su pasaporte en el territorio de la otra Parte Contratante, él/ella deberá informar a las autoridades competentes del país anfitrión, para las acciones apropiadas. La representación diplomática o consular de que se trate expedirá un nuevo pasaporte o documento de viaje a sus ciudadanos e informará a las autoridades competentes del Gobierno anfitrión.

## ARTÍCULO 4

**Aplicabilidad de Leyes Locales/Nacionales**

1. Los ciudadanos de cualquiera de las Partes Contratantes, siendo titulares de pasaportes diplomáticos, oficiales **o** consulares, deberán acatar las leyes y reglamentos de la otra Parte Contratante, al cruzar sus fronteras y a lo largo de su estancia en su territorio.

2. Nada en el Acuerdo se interpretará en el sentido de afectar los derechos y obligaciones establecidos en la Convención de Viena sobre Relaciones Diplomáticas del 18 de abril de 1961 ni en la Convención de Viena sobre Relaciones Consulares de 24 de abril de 1963.

## ARTÍCULO 5

**Validez de los Pasaportes**

La duración de los pasaportes diplomáticos, oficiales, o consulares de los nacionales de cualquiera de las partes tendrá una validez de al menos seis (6) meses de la fecha de entrada en el territorio del país de la otra Parte.

## ARTÍCULO 6

**Documentos de Viaje**

1. A los efectos de este Acuerdo, cada Parte Contratante transmitirá a la otra, a través de los canales diplomáticos, ejemplares de sus respectivos pasaportes, incluyendo una descripción detallada de los documentos utilizados en la actualidad, dentro de los sesenta (60) días antes de la entrada en vigor del presente Acuerdo.

2. Cada Parte Contratante transmitirá también a la otra a través de los canales diplomáticos, ejemplares de sus pasaportes nuevos o modificados, incluyendo una descripción detallada de dichos documentos, por lo menos treinta (30) días antes de que entren en vigor.

## ARTÍCULO 7

**Suspensión**

Cada Parte Contratante se reserva el derecho, por razones de seguridad, orden público o salud pública, de suspender temporalmente, ya sea en su totalidad o en parte, la aplicación del presente Acuerdo, que entrará en vigor inmediatamente después que se le haya dado la notificación a la otra Parte Contratante, por la vía diplomática. La suspensión no afectará a los derechos de los

nacionales mencionados en el artículo 1, 2 y 5 del presente Acuerdo que ya hayan entrado en el territorio de la otra Parte Contratante.

## ARTÍCULO 8

**Revisión y Enmiendas**

Cualquiera de las Partes Contratantes podrá solicitar por escrito, por la vía diplomática, una revisión o modificación de la totalidad o parte de este Acuerdo. Cualquiera modificación o enmienda, que ha sido acordada por las Partes Contratantes entrará en vigor en una fecha a convenir de mutuo acuerdo y en consecuencia deberá formar parte de este Acuerdo.

## ARTÍCULO 9

**Solución de Controversias**

Cualquier diferencia o controversia que se derive de la aplicación de las disposiciones del Acuerdo serán resueltas de manera amistosa mediante consultas o negociaciones entre las Partes Contratantes, sin referencia a ningún tercero o un tribunal internacional.

## ARTÍCULO 10

**Entrada en Vigor, Duración y Terminación**

El presente Acuerdo entrará en vigor sesenta (60) días después de la fecha de su firma. El presente Acuerdo permanecerá en vigor por tiempo indefinido y podrá ser denunciado por cualquiera de las Partes Contratantes mediante notificación escrita por vía diplomática, que entrará en vigor a los noventa (90) días, después de la fecha de dicha notificación. La terminación no afectará los derechos de los nacionales mencionados en el artículo 1,2 y 5 del presente Acuerdo que ya hayan entrado en el territorio de la otra Parte Contratante.

EN FE DE LO CUAL, los abajo firmantes, debidamente autorizados por sus respectivos Gobiernos, han firmado el presente Acuerdo.

Hecho en Panamá, el día nueve (9) de mayo de dos mil dieciocho (2018), en dos (2) originales, en español, hindi e inglés, siendo todos los textos igualmente auténticos. En caso de divergencia en la interpretación el texto en inglés prevalecerá.

| POR EL GOBIERNO DE LA REPÚBLICA DE LA INDIA | POR EL GOBIERNO DE LA REPÚBLICA DE PANAMÁ |
|---|---|
| **PREETI SARAN** | **LUIS MIGUEL HINCAPIE** |
| Secretaria (Este) | Viceministro |
| Ministerio de Asuntos Exteriores | Ministerio de Relaciones Exteriores |

**AGREEMENT BETWEEN
THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF PANAMA
AND
THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDIA
ON EXEMPTION OF VISA REQUIREMENT FOR HOLDERS OF DIPLOMATIC, OFFICIAL AND CONSULAR PASSPORTS**

The Government of the Republic of Panama and the Government of the Republic of India,

Hereafter referred to singularly as the "Contracting Party" and collectively as the "Contracting Parties",

**CONSIDERING** the interest of both countries to strengthen their friendly relations, and

**DESIRING** to facilitate the entry of the citizens of the Republic of Panama and the citizens of the Republic of India, who are holders of diplomatic, official, or consular passports into their respective countries,

**HAVE AGREED AS FOLLOWS**:

**ARTICLE 1**

**Visa Exemption**

1. A citizen of either Contracting Party, who is in possession of a valid diplomatic, official, or consular passports shall be permitted to enter into, exit from and transit through the territory of the other Contracting Party through their respective international points of entry/exit without visas.

2. A citizen of either Contracting Party, holding the said passport shall be allowed to stay in the territory of the other Contracting Party for the maximum period of ninety (90) days without a visa.

## ARTICLE 2

### Visas for Assignments

1. A citizen of either Contracting Party, who is in possession of a valid diplomatic passport and has to attend meeting or conference convened by international organization or Government, in the territory of the other Contracting Party, shall not be required to obtain a visa to enter and stay in the territory of the other Contracting Party.

2. A citizen of either Contracting Party, who is assigned as a member of the diplomatic or consular staff or as representative of his/her country in an international organization located in the territory of the other Contracting Party and is possession of a valid diplomatic, official or consular passport, shall be required to obtain visa prior to entry into the territory of the other Contracting Party.

3. The holders of diplomatic, official **or** consular passports of either Contracting Party who are employed by an Organization international, body, agency or any other such entity, would be required to obtain visa prior to their entry into the territory of the other Contracting Party for official or private visits.

4. A citizen of either Contracting Party, who is in possession of a valid diplomatic, official, or consular passport and has to attend a meeting or conference convened by an international organization or Government, in the territory of the other Contracting, shall not be required to obtain a visa to enter and stay in the territory of the other Contracting Party.

5. The conditions enumerated in paragraph 1 of this Article shall also apply to the spouse of a member of the diplomatic Mission or consulate or representative in international organization, their children and their dependent parents.

## ARTICLE 3

### Refusal of Entry & Loss of Passport

1. Each Contracting Party reserves the right to refuse the entry into, or shorten the stay in its territory, of any citizen of the other Contracting Party, whom it may consider undesirable.

2. If a citizen of one Contracting Party loses his/her passport in the territory of the other Contracting Party, he/she shall inform the authorities concerned of the host country for appropriate action. The diplomatic Mission or Consulate concerned will issue a new passport or travel document to its citizen and inform the concerned authorities of the host Government.

## ARTICLE 4

### Applicability of Local/National Laws

1. Citizens of either Contracting Party, being holders of diplomatic, official, **or** consular passports shall abide by the laws and regulations of the other Contracting Party while crossing its frontier and throughout the duration of their stay in its territory.

2. Nothing in the Agreement shall be construed as affecting the rights and obligations set out in the Vienna Convention on Diplomatic Relations of 18 April, 1961 or the Vienna Convention on Consular Relations of 24 April, 1963.

## ARTICLE 5

### Passports Validity

The duration of diplomatic, official and consular passports of nationals of either Contracting Party shall be valid for at least six (6) months on the date of entry into the territory of the country of the other Party.

## ARTICLE 6

### Travel Documents

1. For the purpose of this Agreement, each Contracting Party shall transmit to the other, through diplomatic channels, specimens of its respective passports, including a detailed description of such documents currently used, within sixty (60) days after the entry into force of this Agreement.

2. Each Contracting Party shall also transmit to the other through diplomatic channels, specimen of its new or modified passports, including a detailed description of such documents, at least thirty (30) days before they are brought into force.

## ARTICLE 7

### Suspension

Each Contracting Party reserves the right for reasons of security, public order or public health, to suspend temporarily, either in whole or in part, the implementation of this Agreement, which shall take effect immediately after notification has been given to the other Contracting Party through diplomatic channels. The suspension shall not affect the rights of nationals mentioned in Article 1, 2 and 5 of this Agreement who have already entered the territory of the other Contracting Party.

## ARTICLE 8

### Revision and Amendments

Either Contracting Party may request in writing, through diplomatic channels, a revision or amendment of the whole or part of this Agreement. Any revision or amendment, which has been agreed to by the Contracting Parties, shall come into effect on a date to be mutually agreed upon and shall accordingly form part of this Agreement.

## ARTICLE 9

### Dispute Settlement

Any difference or dispute arising out of the implementation of the provisions of the Agreement shall be settled amicably by consultation or negotiation between the Contracting Parties without reference to any third Party or an international tribunal.

## ARTICLE 10

**Entry Into Force, Duration and Termination**

This Agreement shall enter into force sixty (60) days after the date of signature. This Agreement shall remain in force for an indefinite period and may be terminated by either Contracting Party by notification through diplomatic channels, which shall enter into force ninety (90) days after the date of such notification. The termination shall not affect the rights of nationals mentioned in Article 1, 2 and 5 of this Agreement who have already entered the territory of the other Contracting Party.

**IN WITNESS WHEREOF**, the undersigned being duly authorised by their respective Governments, have signed the present Agreement.

Done at Panamá, the nine (9) day of May in the year two thousand (2018) in two originals in Spanish, Hindi and English languages, all texts being equally authentic. In the event of any divergence of interpretation, the English text shall prevail.

| FOR THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDIA | FOR THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF PANAMA |
|---|---|
| PREETI SARAN<br>SECRETARY (EAST)<br>MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS | LUIS MIGUEL HINCAPIE<br>VICE MINISTER<br>MINISTRY OF EXTERNAL RELATIONS |